# खाद संकट को लेकर चर्चा की मांग कर सकता है विपक्ष

- विधायकों पर रहेगी खंडेलवाल की नजर
- विपक्ष के तीरों में लगातार इजाफा

## इस बार हंगामेदार होगा विधानसभा सत्र, उठेंगे कई मसले

**कन्हैया लोधी**

**भोपाल, 27 जुलाई. मप्र विधानसभा का मानसून सत्र बेहद हंगामेदार रहने के आसार है. इस सत्र के लिये सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है. सत्ता पक्ष भाजपा के विधायक दल की बैठक सत्र के पहले दिन यानी सोमवार को होने की संभावना है. इस बीच मिले संकेतों के मुताबिक विपक्ष सत्र के दौरान प्रदेश में खाद संकट के साथ ही कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर स्थगन पर चर्चा की मांग कर सकता है.**

विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से आहुत किया गया है, जो कि 8 अगस्त तक संचालित होगा. इस दौरान कुल 10 बैठकें होना तय किया गया है, लेकिन 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व है. ऐसे में 8 के बजाय सत्रावसान 7 अगस्त को ही हो सकता है. सत्र के दौरान सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के लिये प्रथम अनुपूरक बजट पेश करेगी, ये सत्र के दौरान सरकार का सबसे बड़ा बिजनेस होगा, वहीं इस अवधि में कम से कम चार विधेयक भी पेश होंगे. अनुपूरक बजट 30 जुलाई को पेश किया जा सकता है. सत्र की तैयारियों के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब तक दो बार अफसरों के साथ बड़ी बैठक कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने सत्र के लिये सभी जरुरी तैयारियां समय पर करने के लिये नसीहत दे चुके हैं. सत्र के दौरान सत्ताधारी दल विपक्ष के किसी भी आरोपों का आक्रामक तरीके से जवाब देगी, इस संबंध में भी रणनीति तैयार कर ली गई है. विपक्ष के किसी भी आरोप का तथ्यों के साथ जवाब देने की तैयारी की गई है, जिससे कि विपक्ष को ही बैकपुट पर धकेला जा सके. इस बार सत्ता पक्ष के विधायकों के सामने एक और चुनौती होगी, वह ये कि भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष भी सदन में ही मौजूद रहेंगे.

हेमंत खंडेलवाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ विधायक भी हैं. इस बार वे सदन में प्रथम पंक्ति में बैठे नजर आयेंगे. लिहाजा उनकी नजर भी विधायकों के रवैये पर रहेगी. पिछले ढाई दशक से भी अधिक समय से भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष सांसद बनते रहे हैं, इस कारण वे सदन में नहीं रहते थे, लेकिन अब तो विधायक ही प्रदेश अध्यक्ष हैं, जो कि पूरे समय सदन में बने रहेंगे.

इधर दूसरी तरफ इस बार विपक्ष के तरकश में सत्ता पक्ष को घेरने के लिये तीरों की संख्या में लगातार इजाफा होते जा रहा है. प्रदेश में सबसे बड़ा मुद्दा खाद संकट का है, कई हिस्सों में खाद की जबर्दस्त किल्लत बनी हुई है. ऐसे में विपक्ष सदन में किसानों से जुड़े इस मुद्दे पर सदन में काम रोको प्रस्ताव दे सकती है और स्थगन के माध्यम से इस मुद्दे पर तुरंत चर्चा की मांग कर सकती है. इसके साथ ही प्रदेश के कई हिस्सों में बाढ़ और भारी-बारिश से फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है. लेकिन अब तक सरकार ने सर्वे कराने की घोषणा नहीं की है. ऐसे में किसानों को फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिये राहत राशि देने की मांग भी सदन में प्रमुखता से उठा सकती है.

### धर्मांतरण, ड्रग माफिया का मामला उठा सकता है विपक्ष

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश में एक धर्म विशेष के आरोपियों द्वारा हिंदू बेटियों का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश और फिर उनका शारीरिक शोषण करने के मामले को भी प्रमुखता से उठा सकती है. आरोपियों के साथ प्रदेश के कुछ मंत्रियों और विधायकों के साथ तस्वीर सोशल मीडिया में लगातार सुर्खियों में है. ऐसे में विपक्ष सरकार से इस मामले में सवाल पूछ सकती है. इसी तरह ड्रग्स माफिया के साथ भी कुछ मंत्रियों की तस्वीर सोशल मीडिया में लगातार बनी हुई है. ऐसे में विपक्ष मंत्रियों की आरोपियों के साथ मिलीभगत के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठा सकती है. इसके अलावा विधानसभा सचिवालय का एक आदेश जिसमें विधायकों के विधानसभा परिसर में प्रदर्शन और नारेबाजी पर रोक लगाई गई है.

### मंत्री को घेरने से बचेंगे सत्ता पक्ष के विधायक

मिले संकेतों के मुताबिक भाजपा विधायक दल की बैठक 28 जुलाई को ही मुख्यमंत्री निवास में होने की संभावना है. इस बैठक में ही सरकार की रणनीति का खुलासा मंत्री और विधायकों के सामने किया जाएगा. इस दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों को इस संबंध में संदेश दे दिया गया है कि वे सरकार को कटघरे में खड़ा करने वाले सवालों से बचें. सदन में सवाल-जवाब के दौरान मंत्री को घेरने से बचें. बताया जा रहा है कि सत्ताधारी दल इस बार ऐसे विधायकों की सूची तैयार करेगी, जो कि सरकार के सामने परेशानी खड़ा करते हैं. लिहाजा सदन में सत्ता पक्ष के विधायक अपने क्षेत्र से जुड़े विषयों और समस्याओं को लेकर कितने मुखर होंगे, ये देखना दिलचस्प होगा.



## विंध्य में पर्यटन की नई पहल रीवा में रीजनल टूरिज्म रोड शो का समापन

**रीवा/भोपाल, 27 जुलाई. मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का समापन रविवार को रीवा में हुआ. विंध्य की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन संभावनाओं को लेकर आयोजित इस सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, निवेशक, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के हितधारक शामिल हुए.**

उद्घाटन सत्र में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पर्यटन को आधार बनाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और सांस्कृतिक गौरव को सशक्त किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पर्यटन, उद्योग और अधोसंरचना के समन्वित विकास से विंध्य जैसे क्षेत्रों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर लाया जा सकता है. पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि हेली सेवा शुरू होने जा रही है और पीएम वायु सेवा के अंतर्गत प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों को जोड़ा जा रहा है.



## सुरक्षा के लिए चला विशेष अभियान

**जूनियर रिपोर्टर**

**भोपाल, 27 जुलाई. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा बीना और इटारसी स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा, अनधिकृत गतिविधियों पर नियंत्रण और जनजागरुकता के लिए विशेष अभियान चलाया गया.**

अभियान का नेतृत्व रेल सुरक्षा बल की टीमों ने किया. बीना स्टेशन पर सहायक उप निरीक्षक हसन खान कुमार और उनकी टीम ने प्लेटफार्म और ट्रेनों का निरीक्षण कर संदिग्ध और अनधिकृत व्यक्तियो को परिसर से हटाया यात्रियों को अलार्म चेन पुलिंग का दुरुपयोग न करने, चलती गाड़ी में चढ़ने-उतरने से बचने और जहरखुरानी जैसी घटनाओं से सतर्क रहने की सलाह दी गई.

## भाकिसं का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**बैरसिया, 27 जुलाई. भारतीय किसान संघ जिला भोपाल की तहसील बैरसिया ग्राम इकाई का रविवार को कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण में एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ. प्रांत सदस्य कैलाश सिंह ठाकुर ने भगवान बलराम भारत माता और राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर वर्ग का शुभारंभ किया. प्रथम सत्र में जिला अध्यक्ष गिरवर सिंह राजपूत ने संगठन की भूमिका के बारे में अपने विचार रखे.**



द्वितीय सत्र में प्रदेश जैविक प्रमुख जगराम यादव ने संगठन की संगठनात्मक रचनात्मक और पंच परिवर्तन पर प्रकाश डाला. तृतीय सत्र में संभाग अध्यक्ष बिशन सिंह बघेल ने संगठन के आंदोलनात्मक महत्व पर चर्चा की. कार्यक्रम के समापन सत्र में जिला मंत्री देवेंद्र दांगी, तहसील अध्यक्ष शैतान सिंह राजपूत ने वर्ग में आए किसानों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया. इसके बाद मंडी प्रांगण में वृक्षारोपण कर पर्यावरण स्वच्छता का संदेश दिया. ओर नगर के पत्रकारों का सम्मान किया.

> इस अवसर पर संभाग मंत्री वेद प्रकाश दांगी, भारतीय किसान संघ पालक से पर्वत सिंह राजपूत, प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख राहुल धूत ,अमृत सिंह रघुवंशी , जिला मीडिया प्रभारी विनय सिह पटेल सहित जिला, तहसील ग्राम इकाई के कार्यकर्ता व किसान बड़ी संख्या में मौजूद थे.

## बीईओ के साथ मारपीट

### भाजपा मण्डल अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर

**भिंड, 27 जुलाई. मध्यप्रदेश के भिंड जिले के मेहगांव ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ( बीईओ ) राजवीर शर्मा के साथ गुरु पूर्णिमा के दिन स्कूल परिसर में मारपीट के आरोपी भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

सीएम राइस स्कूल में गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम के दौरान बीजेपी मंडलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बीईओ के साथ मारपीट करते हुए धमकी दी थी. बीईओ के अनुसार आरोपी ने 20 हजार रुपए मांगे और इंकार पर थप्पड़ मारा. घटना स्कूल के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई थी, लेकिन बाद में कथित तौर पर राजनीतिक दबाव में फुटेज डिलीट कर दी गई.

> घटना के बाद बीईओ राजवीर शर्मा ने मेहगांव पुलिस को शिकायत दी, लेकिन 16 दिन तक पुलिस ने एफआईआर नहीं दर्ज की. कांग्रेस ने आज 27 जुलाई को थाने का घेराव करने की घोषणा कर रखी थी. इससे पहले कल देर रात पुलिस ने नीरज शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली. आरोपी पर शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य गंभीर धाराएं लगाई गई हैं.

## बाबा महाकाल की तीसरी सवारी आज

**उज्जैन.** श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली भगवान श्री महाकालेश्वर की परंपरागत सवारी का तीसरा आयोजन आज होगा. भगवान महाकाल इस दिन तीन स्वरूपों में नगर भ्रमण करेंगे. श्री चंद्रमौलेश्वर रूप में पालकी में, श्री मनमहेश रूप में हाथी पर तथा श्री शिव-तांडव स्वरूप में गरुड़ रथ पर विराजित होकर बाबा नगरवासियों का हाल जानने निकलेंगे. सवारी से पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में चंद्रमौलेश्वर रूप का विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा. इसके पश्चात मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल भगवान को सलामी देगा.

## दमोह में 20 फर्जी शिक्षकों की जांच

**दमोह,27 जुलाई. फर्जी डिग्रियों के आधार पर सरकारी नौकरी पाने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई में देरी के बाद अब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ सागर ने मोर्चा संभाल लिया है. प्रकोष्ठ ने ऐसे 20 संदिग्ध शिक्षकों को नोटिस जारी कर नौ बिंदुओं पर दस्तावेज और स्पष्टीकरण मांगा है.**

इन मामलों में पहले जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने एफआईआर के निर्देश दिए थे, लेकिन ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई. जिला प्रशासन और पुलिस की सुस्ती के चलते अब सीधे

### ईओडब्लू ने संभाला मोर्चा



ईओडब्लू ने जांच शुरू की है. पिछले डेढ़ साल में कई शिकायतें मिली थीं कि दमोह जिले में कुछ प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों ने फर्जी डीएड, बीएड और स्नातक डिग्रियों के सहारे नौकरी हासिल की है. 16 मई को कलेक्टर ने एसपी को एफआईआर के निर्देश दिए थे, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर 8 जुलाई को ईओडब्लू के डीएसपी ने डीईओ को पत्र भेजा.

> संजीव दुबे, मंगल सिंह ठाकुर, प्रभुदयाल पटेल, अरविंद असाटी, कल्याण झारिया, रश्मि सोनी, आशा मिश्रा, रामप्रसाद उपाध्याय, मनोज गौतम समेत कुल 16 नामों की सूची ईओडब्लू ने जारी की है,नियुक्ति के सभी दस्तावेज,जन्मतिथि और शैक्षणिक प्रमाणपत्र ,नियुक्ति आदेश व पदस्थापना विवरण,वर्तमान पदस्थ स्थान,अब तक प्राप्त वेतन और भत्तों का ब्योरा और आयकर रिटर्न और वित्तीय दस्तावेज ईओडब्लू ने जानकारी मांगी .

## भोपाल-इंदौर हाईवे पर युवक-युवती ने खाया ज़हर, एक मौत

**सीहोर.** सीहोर के नजदीक भोपाल-इंदौर हाईवे पर एक कार में एक युवक-युवती के बेसुध पाए जाने पर हड़कंप मच गया. राहगीरों की सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां युवती को मृत घोषित कर दिया गया. युवक की हालत नाजुक होने के चलते उसे भोपाल रेफर कर दिया गया. पुलिस के अनुसार प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों ने संभवत: जहरीला पदार्थ खाया है. मृत युवती का नाम काजल और युवक का नाम विजय (23) बताया गया है. दोनों जिस कार में सवार थे,उसके नंबर से पुलिस ने उनकी पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास किया और उनके परिजन से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है.

## खाट बनी एंबुलेंस, रास्ते में ही महिला ने दिया बच्चे को जन्म

**सीधी/सेमरिया,27 जुलाई . सीधी जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के बरिगवां नंबर दो गांव में सड़क न होने के कारण एक गर्भवती आदिवासी महिला ने रास्ते में ही बच्चे को जन्म दे दिया.**

एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी, तो परिजन महिला को खाट पर लिटाकर दो किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक लाए. प्रीति रावत पत्नी बबलू रावत को प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस बुलाई गई, लेकिन गांव में सड़क नहीं होने से वाहन अंदर नहीं आ सका. परिजनों ने रस्सी और बल्लियों से खाट को डोली बनाकर महिला को उठाया. रास्ते में ही उसका प्रसव हो गया.

> महिला और नवजात को सेमरिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दोनों की हालत स्थिर है. गांव की आबादी करीब 70 है, लेकिन आजादी के 75 साल बाद भी यहां पक्की सड़क नहीं है. डॉ. बबीता खरे ने बताया कि एंबुलेंस समय पर पहुंची थी, लेकिन सड़क न होने के कारण गांव तक नहीं जा सकी. समाजसेवी प्रभात वर्मा ने घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि समय पर परिजनों ने प्रयास न किए होते, तो जान जा सकती थी. कुछ समय पहले इसी गांव की लीला साहू के मामले में हेलीकॉप्टर भेजने की बात कही गई थी, लेकिन हालात आज भी बदले नहीं हैं. ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है.

## अर्रावती के सरपंच और सचिव गिरफ्तार, जेल भेजा

### मृतकों के नाम से मनरेगा राशि हड़पने का मामला

**बैरसिया, 27 जुलाई. बैरसिया जनपद की ग्राम पंचायत अर्रावती में पांच मृत लोगों को जीवित बताकर मनरेगा की राशि हड़पने वाले सरपंच और सचिव के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है.**

थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन के मुताबिक आरोपी गंगाराम पुत्र मूलचंद अहिरवार उम्र 40 साल निवासी गांव चठोआ सरपंच अर्रावती और सचिव छगनलाल पुत्र शंकर लाल जाटव उम्र 53 साल निवासी बर्राई बैरसिया द्वारा पांच मृत लोगों की मनरेगा मजदूरी में उपस्थित दर्ज कराकर 16 हजार 2 सौ 87 रुपए निकले गए. ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ से की थी. इसके बाद जांच में शिकायत सही पाई जाने पर जिला पंचायत सीईओ ने एफआईआर के निर्देश दिए. शनिवार को थाना प्रभारी सेन एवं मामले सहायक उपनिरीक्षक हरिशचंद्र सिंह कौरव ने आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 420, 409, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया था.





## मध्यप्रदेश लेखक संघ की गोष्ठी आयोजित

**भोपाल, 27 जुलाई. मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा प्रादेशिक लोकभाषा पद्य/गद्य गोष्ठी का आयोजन रविवार, को दुष्यन्त कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय, शिवाजी नगर में किया गया. इसमें दतिया से पधारे मुख्य अतिथि विनोद कुमार सुरमणि ने सुनाया, ऐसी है बुंदेली माटी, मिसरी जैसी घाटी, चंदन घिस कवि बन गए तुलसी अवधी संग में बांटी.**

उज्जैन के पधारी सारस्वत आतिथि श्रीमती सीमा देवेंद्र ने सुनाया, कत्रो अनमोल म्हारो मालवो हो राज, सुन्ना सरीको नाम चमके हो राज. विशिष्ट अतिथि डॉ. राम वल्लभ आचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकभाषाओं में माँ के दूध की मिठास होती है. इनमें ममत्व और वात्सल्य का प्रभाव परिलक्षित होता है जिनसे मनुष्य अभिव्यक्ति की पहली सीढ़ी चढ़कर दुनिया को अनुभव प्राप्त करता है. रचना पाठ की शुरुआत करते हुए ठीकमगढ़ से आये बुंदेली कवि रामानंद पाठक नंद ने पर्यावरण पर गीत सुनाया, धरती कौ श्रिन्गार बिला गव, उजर गये सब जंगल.

## सांसद ने मन की बात बहनों के साथ सुनी

**भोपाल, 27 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के 124 वें प्रसारण को सांसद आलोक शर्मा ने नीलकंठ मंदिर में हरियाली तीज पर बहनों के साथ सुना. इस अवसर पर आयोजित तीज महोत्सव में मुख्य अतिथि सांसद शर्मा ने कहा पीएम मोदी ने मन की बात में संगठन के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि यह संगठन समाज के लिए एक अच्छा उदाहरण है.**

हरियाली तीज़ के पावन पर्व पर महिलाओं को सुहाग सामान वितरित करना और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करना हमें अपनी परंपराओं और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की याद दिलाता है.



> मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि हरियाली तीज का यह त्योहार हमें प्रकृति और महिलाओं के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है. उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मानित करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं. इस अवसर पर महिलाओं ने तिरंगा लहराकर उत्साह का इजहार किया.

उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का अवसर है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है.


**संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश**
**टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल**

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **'टेनिस खेल सामग्री/उपकरण क्रय हेतु'** निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध हैं। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/121284/2025 — **संचालक**

खंड-I

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**मध्यप्रदेश शासन**

**कार्यालय- उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल, जिला बैतूल, मध्यप्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 4928/ई-टेंडरिंग/2025-26** — **दिनांक 25/7/2025**

1. वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेसीफिकेशन | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | फ्लाई ऐश ईंट | Bricks (20x10x10 cm) | 83000 Nos. | 16000/- | 500/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं.
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ कैश कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 30/7/2025 शाम 5 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते हैं.
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी.
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धि पत्र/ परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं.
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in/

G16364/25 — वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल

**JANA SMALL FINANCE BANK**
(A Scheduled Commercial Bank)

रजिस्टर्ड ऑफिस : द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2-बी, ऑफिस दोमलुर, कोरामंडला इनर रिंग रोड, नेक्सट टू ईजीएल बिजनेस पार्क, छलाघट्टा, बैंगलोर- 560071, ब्रांच ऑफिस- 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल, म.प्र.-462011

**ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के प्रवर्तन के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना, प्रावधान नियम 8 (6) और 9 के प्रावधान के साथ पढ़ें**

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है. ऋणी को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिए गए खाते में गिरवी संपत्ति की ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) जैसा है जहां है और जैसा है जैसा है पर आयोजित किया जाएगा निर्धारित तिथि पर यहां के तहत.

| क्र. | लोन एकाउंट नं. | मूल देनदार/सह देनदार/ गारंटर का नाम | 13-2 नोटिस तिथि | कब्जा तिथि | वर्तमान बकाया | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि ईएमडी रु. में | ई-नीलामी तिथि व समय | बिड जमा की अंतिम तिथि, समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 45499420002900 | 1. श्री अशोक गिरि आत्मज रघुनाथ गिरि 2. श्रीमती आशा गिरि पत्नी अशोक गिरि | 15-3-2025 | 6-6-2025 | रु. 6,84,463.00/- (रु. छह लाख चौरासी हजार चार सौ तिरेसठ मात्र) 23-7-2025 को | 2.8.2025 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक | रु. 4,95,000/- (रु. चार लाख पिंच्यानवे हजार मात्र) | रु. 49,500/- (रु. उन्नचास हजार पांच सौ मात्र) | 30-8-2025 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक | 29-8-2025 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 131/01, ग्राउंड फ्लोर. एम.पी. नगर जोन-2, भोपाल म.प्र.-462011 |

**संपत्ति विवरण/अनुसूची-** प्लाट संख्या 23 और 24 वाले भूखंड पर, 1200 वर्गफुट (111.48 वर्गमीटर) क्षेत्रफल के साथ, खसरा संख्या 531/1/1/1/1/1/1/1, पीएच नं. 39 का एक भाग, 'यासिका होम्स', गांव पीपल्या रानी पटवारी हल्का सुरैया नगर, आरएनएम रतनपुर तहसील हुज़ूर जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) में स्थित है. पूर्व में- अन्य की भूमि, पश्चिम में- सड़क, उत्तर में- भूखंड संख्या 22 और दक्षिण में- भूखंड संख्या 25 से घिरा हुआ है.

संपत्तियां 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' आयोजित की जा रही हैं और ई-नीलामी ऑनलाइन आयोजित की जाएगी. उपरोक्त संपत्ति की खरीद से संबंधित सभी भुगतान जना लघु वित्त बैंक के पक्ष में किए जाएंगे. नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स के माध्यम से आयोजित की जाएगी. 4 वेब पोर्टल https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर बंद होना. अधिक जानकारी के लिए और के लिए ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता मेसर्स से संपर्क कर सकते हैं. 4 समापन; श्री विकास केटेले से संपर्क करें, संपर्क नंबर- 87126 37550. ईमेल आईडी- info@bankauctions.in / vikas@bankauctions.in. ई-नीलामी कार्यवाही में भाग लेने के लिए नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया जन लघु वित्त बैंक के अधिकारी श्री अजय नाइक (मो.) से संपर्क करें- नंबर 9960948687) और श्री महेंद्र ब्रम्हणे (मो. नंबर 9029290202) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई बाधा नहीं है. हालांकि इच्छुक बोलीदाता उन्हें अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति के स्वामित्व, स्वामित्व के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए. कोई भी सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जायेगी. यह उपरोक्त नामित व्यक्तियों के लिए भी एक सूचना है बंधक संपत्तियों के लिए निर्धारित ई-नीलामी के बारे में उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता। उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को अद्यतन ब्याज सहित ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता है और नीलामी की तारीख से पहले सहायक खर्च, ऐसा न करने पर संपत्ति बेच दी जाएगी और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.

दिनांक- 28-7-2025, स्थान- भोपाल — ह./- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड